पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-20

बुधवार, दिनांक-21 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक-47 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 202 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्यस्थगन :-**

माननीय सदस्य डॉ० अब्दुल गफूर से निर्धारित समय के बाद प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

इसपर विपक्ष माननीय सदस्यगण असंतोष प्रकट करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से कहा गया कि इससे संबंधित शून्यकाल की सूचना प्राप्त है, इसपर विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी सीट पर चले गए ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री कृष्णनन्दन यादव
(iii) श्री राम प्रवेश राय
(iv) श्री कन्हैया कुमार
(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(vi) श्रीमती लेशी सिंह
(vii) श्री प्रमोद कुमार
(viii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ix) श्री रणविजय कुमार
(x) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(xi) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xii) श्रीमती मुन्नी देवी
(xiii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(xiv) श्रीमती वीणा देवी
(xv) श्री दिनेश कुमार सिंह

गया जिलान्तर्गत इमामगंज शेरघाटी पथ से ढेउरी बिहरगाई होकर नैनागढ़ तक सड़क मरम्मति तथा शेरघाटी में अनुमंडल पदाधिकारी के आवास से नवादा तक सड़क का विशेष मरम्मति कार्य की निविदा होने के बावजूद कार्यान्वयन नहीं कराये जाने से संबंधित माननीय सदस्य श्री विनोद प्रसाद यादव की शून्यकाल की सूचना पर आसन के निदेश पर सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया ।

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह की शून्यकाल की सूचना, जो वित्तरहित शिक्षकों के संबंध में था पर माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से विषय का संज्ञान लिया गया ।

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार एवं अन्य सभासदों के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 29.03.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) माननीय सदस्य श्री वीरेन्द्र सिंह एवं अन्य सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार की ओर से समय लिया गया ।

[5] <u>याचिकाओं का उपस्थापन</u> :-

सभा सचिव द्वारा कुल 97 याचिकाओं को सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[6] <u>वित्तीय कार्य</u>:- <u>वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:- <u>नगर विकास एवं आवास विभाग</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री प्रेम कुमार द्वारा विभाग की अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय द्वारा राज्य सरकार की नगर विकास एवं आवास नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सदस्य श्री अखतरूल ईस्लाम शाहिन द्वारा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री जवाहर प्रसाद
(iii) श्री रामसेवक सिंह
(iv) श्रीमती मंजु हजारी
(v) डा० मो० जावेद
(vi) श्रीमती उषा सिन्हा
(vii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(viii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(ix) श्री सत्यदेव सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(x) श्री कन्हैया कुमार

माननीय प्रभारी मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा वाद-विवाद का सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन</u>

अनुदान की मांग के निस्तारण के दरम्यान माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत दिनांक 21.03.2012 को संपन्न कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन पर सदन की सर्वसम्मत सहमति हुई ।

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 34 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 26 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-21.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।